# हिंदी व्याकरण

## 2

**लेखक :**
आलोक शर्मा
(एम०ए०, बी०एड०)

नाम ____________________

कक्षा ____________ सैक्शन ____________

स्कूल ____________________

घर का पता ____________________

दूरभाष : स्कूल ____________________

दूरभाष : घर ____________________

# हिंदी व्याकरण

# प्रस्तावना

हिंदी व्याकरण की यह शृंखला आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। इसे एन॰ सी॰ ई॰ आर॰ टी॰, इंटरस्टेट बोर्ड फॉर एंग्लो इंडियन एजुकेशन एवं अन्य प्रांतीय शिक्षा परिषदों द्वारा स्वीकृत नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार किया गया है।

इस शृंखला का उद्देश्य भाषा और व्याकरण का समुचित और सुबोध शैली में अध्ययन कराना है। छात्र व्याकरण को एक कठिन विषय के रूप में देखते हैं। इसलिए व्याकरण के जटिल नियमों को अत्यंत सरल और रोचक शब्दों में छात्रों तक पहुँचाना ही मेरा प्रयास है।

मेरा यह प्रयास छात्रों को अधिक रटने से बचाते हुए ज्ञानवर्धन करने के लिए है। अनेक चित्रों की सहायता से व्याकरण को समझाने का प्रयत्न किया गया है। अभ्यास में यथास्थान बहुवैकल्पिक प्रश्नों (MCQs) का समावेश किया गया है।

आशा है, यह प्रस्तुति विद्‌यार्थियों के लिए रुचिकर और उपयोगी सिद्‌ध होगी। आपसे अनुरोध है कि अपने अनुभवों और उपयोगी सुझावों से मुझे अवगत कराएँ।

धन्यवाद!

***–लेखक***

# विषय सूची

## खंड-'क' : व्याकरण (Grammar)


1. भाषा और व्याकरण *(Language and Grammar)* ... 5
2. वर्ण और मात्राएँ *(Letter and Sign of Vowels)* ... 10
3. शब्द और वाक्य *(Word and Sentences)* ... 16
4. संज्ञा *(Noun)* ... 19
5. लिंग *(Gender)* ... 22
6. वचन *(Number)* ... 27
7. सर्वनाम *(Pronoun)* ... 32
8. विशेषण *(Adjective)* ... 36
9. क्रिया *(Verb)* ... 40
10. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द *(One Word Substitution )* ... 43
11. समूहवाची शब्द *(Collective Words)* ... 44
12. कुछ अन्य शब्द *(Some Other Words)* ... 45
13. पर्यायवाची शब्द *(Synonyms)* ... 46
14. विलोम शब्द *(Antonyms)* ... 50


## खंड-'ख' : रचना (Composition)


15. चित्र कथा *(Picture Story)* ... 53
16. निबंध-लेखन *(Essay–Writing)* ... 54
17. कहानी-लेखन *(Story–Writing)* ... 57
18. पत्र-लेखन *(Letter–Writing)* ... 60
19. अपठित गद्यांश *(Unseen Passage)* ... 63
20. वार्तालाप *(Conversation)* ... 64



# 1 भाषा और व्याकरण

(Language and Grammar)

विचारों के आदान-प्रदान को ही **भाषा** कहते हैं। जैसे–

1. 

2. 

मानव, तुमने अपना काम किया?

हाँ जी, पिता जी मैंने अपना काम कर लिया।

3. 

4. 

पिता जी, मैंने गणित में चार अभ्यास कर लिए हैं।

पहले चित्र में आपने देखा कि पिता जी ने अपनी बात (विचार) बोलकर पूछी। दूसरे चित्र में मानव ने अपनी बात (विचार) बोलकर कही और तीसरे और चौथे चित्र में पिताजी व मानव ने पढ़कर बात समझी।

**अर्थात् अपनी बात को बोलकर या लिखकर दूसरों के सामने प्रकट करना ही भाषा कहलाता है।**

दूसरों की बात समझना, अपनी बात दूसरों को समझाना आदि **विचारों का आदान-प्रदान** करना है।

# भाषा के रूप

## भाषा के दो रूप होते हैं–

1. मौखिक भाषा
2. लिखित भाषा

### 1. मौखिक भाषा

**जब हम अपनी बात बोलकर प्रकट करते हैं और दूसरों की बात सुनकर समझते हैं तो भाषा का यह रूप 'मौखिक' भाषा कहलाता है;** जैसे–



टी० वी० पर समाचार सुनती महिला



आपस की बातचीत



नेता जी का भाषण



टेलीफोन पर बातचीत

### 2. लिखित भाषा


**जब हम अपनी बात लिखकर प्रकट करते हैं और दूसरे लोग पढ़कर उसे समझते हैं तो भाषा का यह रूप 'लिखित' भाषा कहलाता है;** जैसे–




बोर्ड पर लिखकर समझाना



परीक्षा में लिखकर उत्तर देना




बोर्ड पढ़कर स्थान के बारे में जानना

**अनेक भाषाएँ**

विश्व में अनेक देश हैं; जहाँ अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। हर देश की अपनी एक मुख्य भाषा अवश्य होती है; जैसे–

| **देश** | **भाषा** |
|---|---|
| जापान | जापानी |
| रूस | रूसी |
| इंग्लैंड | अंग्रेज़ी |
| फ्रांस | फ्रेंच |
| इटली | इटैलियन |
| स्पेन | स्पेनिश |

## व्याकरण

भाषा को लिखने–बोलने के कुछ नियम होते हैं। इन नियमों के अनुसार लिखी भाषा ही **'शुद्ध भाषा'** कहलाती है। व्याकरण में हमें इन्हीं नियमों का ज्ञान कराया जाता है।

**जिस शास्त्र द्वारा भाषा को शुद्ध रूप से बोलना व लिखना सिखाया जाता है, उसे 'व्याकरण' कहते हैं।**

## नीचे लिखे वाक्य पढ़िए–

| (क) | (ख) |
|---|---|
| है नदी दूर से घर। | नदी घर से दूर है। |
| नहीं है वह बोलता झूठ | वह झूठ नहीं बोलता है। |
| क्यों रुक बीच में गए तुम | तुम बीच में क्यों रुक गए? |
| है आदत की सफाई अच्छी | सफ़ाई की आदत अच्छी है। |

आपने देखा कि कॉलम (क) में लिखे वाक्य व्याकरण की दृष्टि से गलत हैं, जबकि कॉलम (ख) में लिखे वाक्य व्याकरण की दृष्टि से बिल्कुल सही हैं।

अतः व्याकरण का ज्ञान भाषा के सही प्रयोग के लिए अति आवश्यक है।

# अभ्यास





## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** आप अपने विचार प्रकट कर सकते हैं–
केवल लिखकर ☐ लिखकर व बोलकर ☐

**(ख)** भाषा के मुख्य रूप होते हैं–
दो ☐ दस ☐

**(ग)** प्रत्येक देश की भाषा–
एक समान होती है ☐ अलग-अलग होती है ☐

**(घ)** व्याकरण हमें ज्ञान कराता है–
भाषा के नियमों का ☐ स्वास्थ्य के नियमों का ☐

**2. प्रश्नोत्तर–**

(क) भाषा किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) मौखिक भाषा किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ग) विश्व की कुछ भाषाओं के नाम लिखिए।

______________________________

______________________________

(घ) व्याकरण किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **चित्र देखकर उनके नीचे भाषा का रूप लिखिए–**



______________________________




______________________________



______________________________




______________________________



# 2 वर्ण और मात्राएँ
## (Letter and Sign of Vowels)

ध्वनि ही 'वर्ण' है। जैसे–




आ + म् + अ (आम), ल् + ए (ले), ल् + ओ (लो) = आम ले लो।

आपने देखा कि आम वाले के मुख से अनेक ध्वनियाँ निकलीं, जिनके मेल से शब्द बने और शब्दों से वाक्य बना।

**वर्ण** भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है। इसके और अधिक टुकड़े नहीं किए जा सकते।

**वह छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते, उसे 'वर्ण' कहते हैं। 'वर्ण' को 'अक्षर' भी कहते हैं।**

## वर्णों के प्रकार

**वर्ण दो प्रकार के होते हैं–**

**स्वर** **व्यंजन**

## 1. स्वर

जिन वर्णों का उच्चारण, बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता के किया जाता है, वे **स्वर** कहलाते हैं। हिंदी वर्णमाला में कुल ग्यारह स्वर हैं–

अ आ इ ई उ ऊ

ऋ ए ऐ ओ औ

## 2. व्यंजन

जिन वर्णों का उच्चारण स्वर वर्णों की सहायता से किया जाता है, उन्हें **व्यंजन** कहते हैं। हिंदी वर्णमाला में 35 व्यंजन हैं–

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ड़ ढ ढ़ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

## 3. संयुक्त व्यंजन

दो वर्णों के मेल से बने व्यंजन, **संयुक्त व्यंजन** कहलाते हैं। ये चार हैं–

क्ष ⟶ (क् + ष) (कक्षा, यक्ष, रक्षा)

त्र → (त् + र) (पत्र, चित्र, मित्र)

ज्ञ → (ज् + ञ) (यज्ञ, ज्ञान, ज्ञात)

श्र (श् + र) (श्रम, श्री, श्रवण)



**4. विसर्ग (ः)**

इसकी ध्वनि 'ह्' की तरह बोली जाती है; जैसे– प्रातः, नमः, अतः, क्रमशः आदि।

**5. अनुस्वार ( ं )**

(अं) यह **अनुस्वार** कहलाता है। इसे वर्ण के ऊपर लगाते हैं; जैसे-

पंख, रंग, अंगूर, पलंग


शंख, पतंग, बंदर।

**6. अनुनासिक ( ँ )**

इसे चद्रबिंदु भी कहा जाता है। **अनुनासिक** ( ँ ) के उदाहरण देखिए–



चाँद



काँटा



आँख



साँप

**7. आगत ध्वनियाँ ( ॅ )**

वे ध्वनियाँ जो किसी अन्य भाषा से हिंदी में आई हैं, **आगत ध्वनियाँ** कहलाती हैं; जैसे-

ऑ – ( ॅ ) फ्रॉक, डॉक्टर, हॉल







**8. नुक्ता ( ़ )**

ज़ – ( ़ ) कागज़, अंग्रेज़ी, ज़बान








## मात्राएँ

**जब किसी व्यंजन के साथ किसी स्वर का मेल होता है तो स्वर का रूप बदल जाता है। स्वर का यह बदला हुआ रूप ही मात्रा कहलाता है।**

व्यंजन के साथ स्वर का मेल होने पर जो चिह्न जोड़ते हैं, उसे मात्रा कहते हैं। हिंदी वर्णमाला में सभी व्यंजनों के साथ 'अ' जुड़ा रहता है; इसलिए 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती।

क् + अ = क (कोई मात्रा नहीं)

ख् + अ = ख (कोई मात्रा नहीं)

| स्वर | मात्रा | व्यंजन | शब्द |
|---|---|---|---|
| अ | (x) | क् + अ = क | कब, कप |
| आ | ा | ज् + आ = जा | जाल, जार |
| इ | ि | ब् + इ = बि | बिल, बिना |
| ई | ी | द् + ई = दी | दीदी, दीमक |
| उ | ु | म् + उ = मु | मुनिया, मुकुट |
| ऊ | ू | फ् + ऊ = फू | फूल, फूट |
| ऋ | ृ | व् + ऋ = वृ | वृक्ष, वृष |
| ए | े | ज् + ए = जे | जेवर, जेब |
| ऐ | ै | थ् + ऐ = थै | थैला, मैला |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओ | ो | ब् + ओ = बो | बोतल, बोलकर |
| औ | ौ | ल् + औ = लौ | लौकी, लौटा |

## अभ्यास





### विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. स्वरों और व्यंजनों को सही स्थान पर लिखिए–**

ट   अ   न   ऋ   फ   ए

उ   र   ओ   म   व   ई

| स्वर | व्यंजन |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

**2. शब्दों पर या उसके साथ अनुस्वार, अनुनासिक, आगत ध्वनि या विसर्ग आदि लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पलग | अगूर | बास | शख |
| फ्राक | डाक्टर | हस | बासुरी |
| क्रमश | प्रात | अक | दात |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) वर्ण किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) मात्रा किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **चित्र देखकर सही मात्राएँ लगाइए और शब्द पूरे कीजिए–**



सा ब न = ____________



ट क र = ____________



प प त = ____________




ल च = ____________



क ष क = ____________



स म स = ____________



ह थ ड़ = ____________



त त ल = ____________

- **इन वर्णों का प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ड | | | ढ | | |
| ड़ | | | ढ़ | | |



# 3 शब्द और वाक्य
(Word and Sentences)

## शब्द

**दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।** जैसे–



यहाँ पेड़, बच्चे, चिड़िया, झूला, फूल, परी आदि दिखाई दे रहे हैं। ये सभी शब्द अनेक वर्णों के मेल से बने हैं; जैसे -

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प् | + | ए | + | ड़् | + | अ | | | | | | | = | पेड़ |
| ब् | + | अ | + | च् | + | च् | + | ए | | | | | = | बच्चे |
| च् | + | इ | + | ड़् | + | इ | + | य् | + | आ | | | = | चिड़िया |
| झ् | + | ऊ | + | ल् | + | आ | | | | | | | = | झूला |
| फ् | + | ऊ | + | ल् | + | अ | | | | | | | = | फूल |
| प् | + | अ | + | र् | + | ई | | | | | | | = | परी |

*इन सभी शब्दों के अर्थ हैं।*

यदि वर्णों के मेल का कोई सार्थक अर्थ नहीं निकलता तो उसे शब्द नहीं कहा जा सकता; जैसे–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ड़ | + | पे | | | = | ड़पे | = | कोई अर्थ नहीं |
| ली | + | मा | | | = | लीमा | = | कोई अर्थ नहीं |
| ला | + | झू | | | = | लाझू | = | कोई अर्थ नहीं |
| चे | + | च् | + | ब | = | चेच्ब | = | कोई अर्थ नहीं |

ऊपर दिए गए वर्णों के मेल शब्द नहीं कहलाएँगे क्योंकि इनका कोई अर्थ नहीं है।

## वाक्य

**जिस प्रकार वर्णों के सार्थक मेल से शब्द बनते हैं, उसी प्रकार शब्दों के सार्थक मेल से वाक्य बनते हैं।**

**एक उदाहरण पढ़िए-**

मैं क्रिकेट खेलता हूँ।


इस वाक्य में शब्दों का मेल ऐसा है कि उससे एक निश्चित अर्थ निकलता है। अतः यह मेल वाक्य कहलाएगा किंतु यदि हम शब्दों को इस प्रकार लिखें-

'हूँ खेलता मैं क्रिकेट।'

शब्दों का यह मेल सही नहीं है, अतः यह वाक्य नहीं कहलाएगा।

## अभ्यास





### विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** शब्दों से वर्ण बनते हैं–

हाँ ☐ नहीं ☐

**(ख)** वर्णों का सार्थक मेल शब्द कहलाता है–

हाँ ☐ नहीं ☐

(ग) वाक्यों में शब्दों का उचित मेल—

होता है ☐ नहीं होता ☐

**2. प्रश्नोत्तर**

(क) शब्द किसे कहते हैं?

_______________

_______________

(ख) वाक्य किसके मेल से बनते हैं?

_______________

_______________

## क्रियात्मक कौशल

- **वर्णों का विच्छेद कीजिए अर्थात् उन्हें तोड़कर लिखिए–**

हरि – _______________

दूध – _______________

बालक – _______________

पुस्तक – _______________

- **शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य बनाइए–**

(क) थी कल मैं गई बाज़ार।

_______________

(ख) रहेगा बंद विद्यालय कल।

_______________

(ग) करो किया प्रतिदिन व्यायाम।

_______________

- **अपनी उत्तर-पुस्तिका में अपनी मनपसंद किन्हीं पाँच वस्तुओं के चित्र चिपकाइए, उनका नाम लिखिए और उनसे एक-एक वाक्य बनाइए; जैसे– मैं पुस्तक पढ़ता हूँ।**

# 4

# संज्ञा
(Noun)

**किसी वस्तु, स्थान, प्राणी या भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।** जैसे–



हमारे **गाँव** में प्रतिवर्ष एक **मेला** लगता है। **गौतम**, **समीरा मेले** में गए हुए हैं।

**गौतम झूले** पर झूल रहा है।

**समीरा खिलौनों** को देखकर **प्रसन्न** हो रही है।

यहाँ पर रंगीन छपे शब्द किसी-न-किसी के नाम हैं। जैसे–

गाँव, मेला

गौतम, समीरा

झूला, खिलौने

प्रसन्न

**ये सभी नाम शब्द संज्ञा हैं।**

आइए, कुछ अन्य व्यक्तियों, स्थानों, प्राणियों, वस्तुओं व भावों के नाम जानें–

## व्यक्तियों के नाम


मदर टेरेसा


सचिन तेंदुलकर


महात्मा गांधी

## स्थानों के नाम


बाजार



बैंक


विद्यालय

## प्राणियों के नाम


बिल्ली



गाय


हाथी

## वस्तुओं के नाम


मेज़


थाली


चारपाई

## भावों के नाम



*मित्रता*



*शत्रुता*



*प्रसन्नता*

# अभ्यास



## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. नाम लिखिए–**

**(क)** दो व्यक्तियों के – ____________ ____________

**(ख)** दो वस्तुओं के – ____________ ____________

**(ग)** दो प्राणियों के – ____________ ____________

**(घ)** दो स्थानों के – ____________ ____________

**2. संज्ञा किसे कहते हैं?**

______________________________________________

______________________________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **वर्ग पहेली में से संज्ञा शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए–**



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बु | ढ़ा | पा | ल | ज | श |
| न | प | गि | ला | स | ल |
| ए | या | ली | च | हा | ज |
| च | मी | मू | ट | थी | म |
| [illegible] | ना | ली | नी | र | भ |
| म | रो | हि | त | ल | क |
| च | न | र | फ | न | ज |
| न | म | क | ट | र | म |



# 5 लिंग
(Gender)

**जो शब्द किसी जाति विशेष का ज्ञान कराते हैं, वे लिंग कहलाते हैं।** जैसे–



**चिंकी**, **नीमा** रस्सी कूद रही हैं।

**चिंटू**, **राजू** बैठे हैं।

**माँ** बात कर रही हैं।

**गिलहरी** अखरोट खा रही है।

**रमन**, **नमन** झूल रहे हैं।

ऊपर लिखे वाक्यों में चिंकी, नीमा, माँ, गिलहरी आदि शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं।

चिंटू, राजू, रमन, नमन आदि शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं।

अर्थात् "**जो शब्द पुरुष जाति या स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे लिंग कहलाते हैं।**"

# लिंग के भेद

**लिंग के दो भेद होते हैं-**

1. पुल्लिंग
2. स्त्रीलिंग

**1. पुल्लिंग–** जो शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, उन्हें **पुल्लिंग** कहते हैं; जैसे–




लड़का



माली



चूहा



सोफा



लाला



हिरन


2. **स्त्रीलिंग–** जो शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, उन्हें **स्त्रीलिंग** कहते हैं; जैसे–



*लड़की*



*नानी*



*थाली*



*मालिन*



*चुहिया*



*हिरनी*

हिंदी भाषा के सभी शब्द या तो स्त्रीलिंग होते हैं या पुल्लिंग।

**इन उदाहरणों को पढ़िए, समझिए और याद कीजिए–**

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| राजा | रानी |
| दुल्हा | दुल्हन |
| ठाकुर | ठकुराइन |
| दादा | दादी |
| मुर्गा | मुर्गी |

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| लाला | ललाइन |
| चाचा | चाची |
| मामा | मामी |
| मौसा | मौसी |
| शेर | शेरनी |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| गधा | गधी |
| सेठ | सेठानी |
| नौकर | नौकरानी |
| जेठ | जेठानी |
| चोर | चोरनी |
| बूढ़ा | बुढ़िया |
| पड़ोसी | पड़ोसिन |
| बालक | बालिका |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| कबूतर | कबूतरी |
| नाग | नागिन |
| देवर | देवरानी |
| मोर | मोरनी |
| लोटा | लुटिया |
| बंदर | बंदरिया |
| भय्या | भाभी |
| अध्यापक | अध्यापिका |

# अभ्यास





## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. स्त्रीलिंग लिखिए–**

मामा – ____________ चाचा – ____________

भय्या – ____________ मोर – ____________

चोर – ____________ सेठ – ____________

**2. लिंग बदलकर वाक्यों को पुनः लिखिए–**

(क) **माली** ने फूल एकत्र किए।

____________________________________________

(ख) **नौकर** ने भोजन बनाया।

____________________________________________

(ग) **अध्यापिका** ने कॉपियाँ जाँची।

_______________________________

(घ) **दूल्हे** ने वरमाला पहनाई।

_______________________________

**3. प्रश्नोत्तर–**

लिंग किसे कहते हैं?

_______________________________

_______________________________

_______________________________

_______________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **शब्दों को समझकर सही बॉक्स में लिखिए–**


घड़ी, जेब, कॉपी, माला, चाकू, घड़ा, छुरी, केला, मौसमी, संतरा, सेब, कमीज़

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
|---|---|
| ______ | ______ |
| ______ | ______ |
| ______ | ______ |
| ______ | ______ |
| ______ | ______ |



# 6 वचन
(Number)

**"शब्द के जिस रूप से हमें उसके एक या अनेक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।** जैसे–



**सूरज** उग रहा है।

**सड़क** बहुत व्यस्त है।

**बच्चे** फुटपाथ पर चल रहे हैं।

सड़क पर **रिक्शे** चल रहे हैं।

**दादा जी** सड़क पार कर रहे हैं।

**लोग बस** से उतर रहे हैं।

ऊपर दिए वाक्यों में 'सूरज', 'सड़क', दादा जी 'बस' शब्दों से उनके संख्या में एक होने का पता चलता है तथा 'बच्चे', 'रिक्शे', 'लोग' शब्दों से उनके संख्या में दो या दो से अधिक होने का पता चलता है।

# वचन के भेद

## वचन दो प्रकार के होते हैं–

1. एकवचन 2. बहुवचन

**1. एकवचन**

जिन शब्दों से संज्ञा की संख्या के एक होने का पता चलता है, उसे **एकवचन** कहते हैं; जैसे-

लड़की, पेंसिल, कमीज आदि।

**2. बहुवचन**

जिन शब्दों से पता चलता है कि संज्ञा दो या दो से अधिक हैं, उसे **बहुवचन** कहते हैं; जैसे-

लड़कियाँ, पेंसिलें, कमीजें आदि।

## एकवचन व बहुवचन कुछ अन्य उदाहरण पढ़कर समझिए–

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| माला | मालाएँ |
| जूता | जूते |
| कुर्सी | कुर्सियाँ |
| परदा | परदे |
| मेज | मेजें |
| केला | केले |
| संतरा | संतरे |
| पपीता | पपीते |
| तौलिया | तौलिये |
| भेड़ | भेड़ें |

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| घड़ी | घड़ियाँ |
| छड़ी | छड़ियाँ |
| दरवाजा | दरवाजे |
| खिड़की | खिड़कियाँ |
| चाबी | चाबियाँ |
| गेंद | गेंदें |
| टॉफी | टॉफियाँ |
| झंडा | झंडे |
| दुकान | दुकानें |
| झालर | झालरें |
| भाषा | भाषाएँ |
| तारा | तारे |
| मोजा | मोजे |
| कली | कलियाँ |
| मिठाई | मिठाइयाँ |

## अभ्यास





### विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. बहुवचन लिखिए–**

झंडा – ____________________

अंडा – ____________________

तौलिया – ____________________

चाबी – ____________________

पुस्तक – ____________________

परदा – ____________________

गुल्लक – ____________________

रेल – ____________________

## 2. सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए-

**(क)** बूँदें बरस ______________ हैं। (रहा/रही)

**(ख)** बस चली ______________। (गई/गईं)

**(ग)** तिनका उड़ ______________। (गया/गए)

**(घ)** हम घर जा ______________ थे। (रहा/रहे)

## 3. लिखिए-

वचन किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________



# क्रियात्मक कौशल

- **निम्नलिखित शब्दों को सही कॉलम में लिखिए–**

गेंद, साड़ियाँ, मुर्गी, चारपाई, बल्ला, कमीजें, खिलौने,
पतंगें, कुर्सियाँ, तश्तरी, पुस्तकें, बस्ता, संतरे

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| ______________ | ______________ |
| ______________ | ______________ |
| ______________ | ______________ |
| ______________ | ______________ |
| ______________ | ______________ |
| ______________ | ______________ |
| ______________ | ______________ |

- **चित्र के नीचे लिखिए कि वह एकवचन है या बहुवचन–**













- **चित्र पहचानकर सही वचन पर गोला बनाइए–**



एकवचन

बहुवचन

बहुवचन

एकवचन





एकवचन

बहुवचन

बहुवचन

एकवचन





# 7

# सर्वनाम
(Pronoun)

**संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।** जैसे–



गोविंद विद्यालय जाता है।

**वह** बहुत गंदा बच्चा है।

**वह** प्रतिदिन विद्यालय नहाकर नहीं जाता, जिस कारण **उससे** बदबू आती है।

**उसकी** अध्यापिका **उसे** बहुत डाँटती हैं।

**वह** प्रतिदिन विद्यालय में गृहकार्य भी करके नहीं लाता है।

**उसकी** आदत बहुत खराब है।

**वह** बहुत शैतान लड़का है।

**उसकी** माँ **उससे** बहुत ही परेशान रहती हैं।

**वह** घर के सभी सामान तोड़ता रहता था।

**उसकी** माँ **उसे** रोकती हैं।

पर **वह अपनी** माँ की बात नहीं मानता है।

गोविंद के नाम के स्थान पर जो शब्द यहाँ प्रयोग किए गए हैं, वे ही सर्वनाम शब्द हैं। सर्वनाम शब्दों के प्रयोग से वाक्य बोलने व पढ़ने में सहज बन जाते हैं।

**जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं।**

**कुछ सर्वनाम शब्द इस प्रकार हैं–**

**अपने लिए**

मैं, मैंने, मुझे, मेरा, हमारा, हम, हमने, हमको।



*यह **मेरा** विद्यालय है।*



*__हम__ पिकनिक पर जाएँगे।*

**दूसरों के लिए**

तू, तुम, तुम्हारा, आप, आपका आदि।



*__तुमने__ गृहकार्य कर लिया होगा।*



*__आप__ यहाँ बैठिए।*



*__तुम्हारा__ रूमाल कहाँ है?*



*__आपका__ पर्स नीचे गिरा है।*



*__उसका__ भाई कंजूस है।*



*__उसने__ भिखारी को कुछ नहीं दिया।*

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही कथन के सामने ✓ तथा गलत के सामने ✗ का निशान लगाइए–**

**(क)** वचन के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। ☐

**(ख)** एक ही नाम को बार-बार दोहराना अच्छा लगता है। ☐

**(ग)** संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। ☐

**(घ)** श्याम, नीतू, महादेव ये संज्ञा शब्द हैं। ☐

**2. रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम शब्द लिखिए–**

**(क)** ________________ लकड़ियाँ काट रहे हैं। **(उस/हम)**

**(ख)** कल ________________ गाजियाबाद जाएँगे। **(तुम/वे)**

**(ग)** यह रहा ________________ रूमाल। **(हम/तुम्हारा)**

**(घ)** गलत ढंग से काम करना ____________ आदत बन गई है। **(उसकी/वह)**

**3. प्रश्नोत्तर–**

सर्वनाम किसे कहते हैं?

________________________________________________

________________________________________________

# क्रियात्मक कौशल

- **सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

  **(क)** उसने मुझे उपहार दिया।

  **(ख)** सब्ज़ी लाकर आप आराम करेंगे।

  **(ग)** वे रात देर तक गप्पे हाँकते रहे।

  **(घ)** वह ठंडे पानी से नहाता है।

- **संज्ञा व सर्वनाम शब्दों को अलग-अलग लिखिए–**

  हम, शीना, स्वीटी, वह, नीना, तुम, मोहित, पुष्प, कमल, रितु, उसका, आप

| संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |

- **रेखांकित संज्ञा शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए–**

  नीना ने कहा कि **नीना** को भूख लगी है।

  ______________________________________________

  रमेश ने कहा कि **रमेश** के पास पैसे नहीं हैं।

  ______________________________________________

  सुमन ने बताया कि **सुमन** को विद्यालय जाना है।

  ______________________________________________



# 8 विशेषण
(Adjective)

**संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।** जैसे–



रिंकी और बीना एक **सुंदर** बगीचे में गईं।

उन्होंने वहाँ **रंग-बिरंगी** तितलियाँ देखीं।

रिंकी ने बगीचे में से तीन **गुलाबी** फूल तोड़े।

बगीचे में दूर एक **रसीले** आमों का पेड़ था।

बीना भागकर उस **बड़े** पेड़ की ओर गई।

बीना बहुत **छोटी** थी जिस कारण वह एक भी फल नहीं तोड़ पायी।

रिंकी और बीना दोनों ही **ईमानदार** व **बुद्धिमान** लड़कियाँ हैं।

यहाँ पर रंगीन छपे शब्द साथ आए संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बता रहे हैं। इसलिए ये सभी विशेषण शब्द हैं।

**जो शब्द सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, विशेषण कहलाते हैं।**

विशेषण शब्दों को हम गुण, दोष, रूप, आकार, रंग, माप-तौल आदि के रूप में भी पढ़ते हैं।

**दिए गए इन विशेषण शब्दों को पढ़कर समझिए–**

| गुण | दोष | रूप | आकार | रंग | माप-तौल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| सच्चा | झूठा | गोरा | मोटा | लाल | एक |
| परिश्रमी | कपटी | काला | पतला | हरा | दो |
| भला | धूर्त | सुंदर | लंबा | पीला | पाँच मीटर |
| वीर | आलसी | भद्दा | ऊँचा | नीला | तीन लीटर |
| ईमानदार | बेईमान | आदि। | दुबला | गुलाबी | दर्जन |
| आदि। | निर्दयी | | ठिगना | आदि। | आदि। |
| | आदि। | | आदि। | | |





**विशेषण की पहचान**

साधारण वाक्यों में 'कितना', 'कैसा' आदि शब्दों से प्रश्न बनाकर विशेषण का पता लगाया जा सकता है; जैसे–

- गाय पालतू जानवर है।
- पेड़ पर तीन बंदर बैठे हैं।



गाय कैसा जानवर है? उत्तर – पालतू (विशेषण – पालतू)

बंदर कितने हैं? उत्तर – तीन (विशेषण – तीन)

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही मेल कीजिए–**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| चंचल | आसमान |
| नीला | परी |
| दयालु | तितली |
| शैतान | घटना |
| सच्ची | बंदर |

**2. रिक्त स्थान में उचित विशेषण भरिए–**

(क) सुरभि पढ़ाई में ____________ है। **(होशियार/तंग)**

(ख) टमाटर ____________ हैं। **(गरम/नरम)**

(ग) आज ____________ हवा चल रही है। **(ठंडी/कमजोर)**

(घ) बाजार घर से ____________ दूर है। **(दो किलोमीटर/तीन लीटर)**

**3. प्रश्नोत्तर–**

विशेषण किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# क्रियात्मक कौशल

- पेड़ के पत्तों पर कुछ विशेषण शब्द लिखिए–




- विशेषण शब्दों के मोती चुनकर माला में पिरोइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| पेड़ | हरा | पत्ते | घर |
| मकान | नीला | लंबी | आप |
| कमजोर | टहनी | दयालु | दुकान |
| तेज | भारी | ऊँचा | ठिगना |

हरा



# 9 क्रिया
(Verb)

जो शब्द काम के होने या करने का बोध कराते हैं, उन्हें क्रिया कहते हैं। जैसे–



यह राजा का दरबार **है**।

राजा सिंहासन पर बैठने **जा रहा है**।

दासियाँ थाल **सजा रही हैं**।

सेवक दीये **जला रहे हैं**।

लोग **जय जयकार कर रहे हैं**।

ऊपर लिखे वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों से किसी-न-किसी कार्य के करने या होने का पता चल रहा है। ये शब्द ही क्रिया हैं।

**जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उन्हें क्रिया कहते हैं।**

क्रिया के बिना कोई वाक्य पूरा नहीं हो सकता।

**कुछ अन्य वाक्य पढ़िए–**

हम भारतवासी हैं।

राम न्यायी राजा थे।

मैं कक्षा दो में पढ़ता हूँ।

गांधी जी महान थे।

इन वाक्यों में **हैं**, **थे**, **हूँ** शब्द कुछ होने का बोध करा रहे हैं।

अतः ये सभी शब्द भी क्रिया हैं।

**हैं**, **हूँ**, **थी**, **थे** आदि शब्द सहायक क्रियाएँ कहलाती हैं।

क्रिया शब्द के मूल रूप को ही धातु या सामान्य क्रिया कहते हैं: जैसे- हँसना, रोना, चलना आदि।

## अभ्यास





## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. समझकर लिखिए–**

| क्रिया | | मूल धातु– |
|---|---|---|
| **(क)** दौड़ रहे हैं | — | दौड़ना |
| **(ख)** नाच रही है | — | ________ |
| **(ग)** गा रहा है | — | ________ |
| **(घ)** सो रही है | — | ________ |
| **(ङ)** रो रहा है | — | ________ |

**2. उचित क्रियापद लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

**(क)** शमिता खाना ________। **(खाना)**

**(ख)** रेवती रस्सी ________। **(कूदना)**

**(ग)** रोहित मैदान में ________। **(खेलना)**

**(घ)** अध्यापक बोर्ड पर ________। **(लिखना)**

**3. प्रश्नोत्तर–**

क्रिया किसे कहते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **चित्र देखकर उसके नीचे होने वाली क्रिया की मूल धातु का नाम लिखिए–**


________________


________________


________________


________________


________________


________________

- **उचित क्रियापद छाँटकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) नदी लगातार ________________ है। **(बहती/नाचती)**

(ख) कुत्ता ________________ है। **(रँभाता/भौंकता)**

(ग) खिलाड़ी ________________ हैं। **(खेलते/बेलते)**

(घ) झींगुर ________________ हैं। **(गुन-गुन/चुन-चुन)**



# 10 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
(One Word Substitution)




कुछ अन्य अनेक शब्दों के लिए एक शब्द इस प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| जल में रहने वाले जीव | - | जलचर |
| वन में रहने वाले जीव | - | वनचर |
| फल खाने वाले | - | फलाहारी |
| सब्जी खाने वाले | - | शाकाहारी |
| मांस खाने वाले | - | मांसाहारी |
| देश की रक्षा करने वाले | - | सैनिक |
| खेतों में अन्न पैदा करने वाले | - | किसान |
| घर-घर चिट्ठी पहुँचाने वाला | - | डाकिया |
| सबकी सेवा करने वाले | - | सेवक |










# 11 समूहवाची शब्द
(Collective Words)

**किसी भी वस्तु, सामान को एकत्र करके समूह में रखना ही समूहवाची कहलाता है।**



***माला*** *- मोतियों की, फूलों की*



***ढेर*** *- अनाज का, चावल का*




***गुच्छा*** *- चाबियों का*




***गुलदस्ता*** *- फूलों का*



***छत्ता*** *- मधुमक्खियों, ततैयों का*



***गड्डी*** *- नोटों की, कागजों की*



***गट्ठर*** *- लकड़ियों का*



***गठरी*** *- कपड़ों की*



# 12 कुछ अन्य शब्द
(Some Other Words)

**शब्दों के जोड़े**

मुख्यतः हम मेल खाते दो शब्दों को एक जैसे नहीं पढ़ते, जैसे – दिन और रात। जबकि हम इस शब्द को कुछ इस प्रकार भी लिख सकते हैं, जैसे – दिन-रात। ऐसे शब्दों को ही **शब्दों के जोड़े** कहते हैं।

ऐसे ही भिन्न-भिन्न प्रकार के कुछ शब्द नीचे दिए गए हैं।

**इन्हें ध्यान से पढ़िए–**

**एक जैसे शब्द**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कभी - कभी | कुछ - कुछ | सुबह - सुबह | अभी - अभी |
| धीरे - धीरे | ज़ल्दी - ज़ल्दी | काली - काली | नहीं - नहीं |
| आते - आते | पढ़ते - पढ़ते | सोते - सोते | चलते - चलते |

**उलटे अर्थ वाले शब्द**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन × रात | सुबह × शाम | आते × जाते | यहाँ × वहाँ |
| सच × झूठ | ठंडा × गरम | देश × विदेश | काला × सफ़ेद |
| छोटा × बड़ा | लंबा × छोटा | नीचे × ऊपर | सोना × जागना |

**मिलते-जुलते अर्थ वाले शब्द**

| | | |
|---|---|---|
| उलट – पलट | घास – पात | चमक – दमक |
| उछलना – कूदना | धूल – मिट्‌टी | भाग – दौड़ |

**लिखिए–**

दो एक जैसे शब्द ____________ ____________

दो उलटे अर्थ वाले शब्द ____________ ____________

दो मिलते-जुलते अर्थ वाले शब्द ____________ ____________




# 13 पर्यायवाची शब्द
(Synonyms)



बेटा - पुत्र, सुत



माँ - माता, जननी



आँख - नेत्र, नयन



दीपक - चिराग, दीप

ऊपर प्रत्येक चित्र के नीचे कुछ शब्द लिखे हैं। सभी शब्दों के अर्थ समान हैं।

**समान अर्थ वाले शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थक शब्द कहते हैं।**

आगे कुछ और पर्यायवाची शब्द दिए जा रहे हैं, उन्हें पढ़कर याद कीजिए–



*उपवन - बाग, बगीचा*



*बादल - पयोधर, मेघ*



*वृक्ष - पेड़, विटप*



*पर्वत - गिरि, नग*



*चंद्र - राकेश, चंद्रमा*



*सर्प - साँप, भुजंग*



*कृषक - हलवाहा, किसान*

| पर्यायवाची शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| उपवन – बाग, बगीचा, वाटिका | साँप – नाग, सर्प, भुजंग |
| धरती – भू, भूमि, धरा | संसार – दुनिया, जगत, विश्व |
| मनुष्य – मानव, आदमी, नर | नारी – महिला, स्त्री, औरत |
| भगवान – प्रभु, परमात्मा, ईश्वर | कपड़ा – चीर, अंबर, वस्त्र, वसन |
| शरीर – देह, तन, काया, बदन | वायु – हवा, पवन, समीर |
| पर्वत – नग, गिरि, पहाड़ | मित्र – साथी, दोस्त, सखा |
| चंद्रमा – शशि, चाँद, राकेश | माँ – माता, जननी, अंबा |

| पर्यायवाची शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| रात – रजनी, निशा, रात्रि | सुबह – प्रभात, प्रातः, सवेरा |
| बादल – घन, जलधर, जलद | आनंद – खुशी, प्रसन्नता, हर्ष |
| सूर्य – दिनकर, सूरज, भानू | आकाश – नभ, आसमान, गगन |
| अग्नि – पावक, अनल, आग | रात – रात्रि, निशा, रजनी |
| पेड़ – तरु, वृक्ष, विटप | प्रेम – प्यार, स्नेह, प्रीति |
| जल – नीर, सलिल, पानी | किसान – हलवाहा, कृषक, खेतिहर |

# अभ्यास





## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. गलत पर्यायवाची पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(क)** | सूर्य ☐ | सूरज ☐ | शशि ☐ |
| **(ख)** | माँ ☐ | नारी ☐ | माता ☐ |
| **(ग)** | चंद्र ☐ | रजनी ☐ | चाँद ☐ |
| **(घ)** | नभ ☐ | चमन ☐ | गगन ☐ |

**2. शब्दों के पर्यायवाची लिखिए–**

अग्नि — ____________ ____________ ____________

मित्र — ____________ ____________ ____________

कपड़ा — ____________ ____________ ____________

पेड़ — ____________ ____________ ____________

**3. प्रश्नोत्तर–**

पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **शब्दों को उनके पर्यायवाची शब्दों से मिलाइए–**

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| आकाश | ईश्वर |
| शरीर | पानी |
| वायु | आसमान |
| भगवान | पहाड़ |
| पर्वत | समीर |
| जल | काया |

- **वर्ग पहेली में से समानार्थक शब्द ढूँढ़कर लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| र | ज | नी | ल |
| आ | द | प | म |
| नं | कं | व | हि |
| द | ह | न | ला |
| व | र | श | ट |
| दो | स्त | त | न |

खुशी – ______________

रात – ______________

मित्र – ______________

नारी – ______________



# 14 विलोम शब्द

(Antonyms)





दिन – रात





धनी – निर्धन

आपने चित्रों के नीचे लिखे शब्दों को पढ़ा। शब्दों को पढ़ने के बाद आपने जाना कि आमने-सामने लिखे शब्द एक-दूसरे का उलटा अर्थ दे रहे हैं।

**एक-दूसरे का उलटा या विपरीत अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।**

**दिए गए शब्दों को पढ़कर विलोम शब्दों को जानिए–**

## विलोम शब्द

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| राजा | रंक | छाया | धूप |
| उठना | बैठना | आना | जाना |

| | |
|---|---|
| नया | पुराना |
| रोना | हँसना |
| वीर | कायर |
| दिन | रात |
| भारी | हल्का |
| खरा | खोटा |
| छोटी | बड़ी |
| ज्ञान | अज्ञान |
| अपना | पराया |
| सूखा | गीला |
| झूठ | सच |
| गुण | दोष |
| जीत | हार |
| आज़ाद | गुलाम |
| निकट | दूर |
| आयात | निर्यात |
| स्वस्थ | अस्वस्थ |
| दूर | पास |
| कोमल | कठोर |

| | |
|---|---|
| जीना | मरना |
| देश | विदेश |
| सुबह | शाम |
| सस्ता | महँगा |
| निडर | डरपोक |
| मौखिक | लिखित |
| ऊपर | नीचे |
| मीठा | कड़वा |
| प्रेम | घृणा |
| प्रश्न | उत्तर |
| मोटा | पतला |
| इधर | उधर |
| चल | अचल |
| अगला | पिछला |
| आज्ञा | अवज्ञा |
| पाप | पुण्य |
| आदर | निरादर |
| सुबह | शाम |
| फूल | काँटा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सफल | असफल | ठंडा | गर्म |
| आय | व्यय | अंधकार | प्रकाश |
| खुशबू | बदबू | धर्म | अधर्म |
| हानि | लाभ | नया | पुराना |
| अँधेरा | उजाला | सुंदर | बदसूरत |

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए-**

आदर ____________ पाप ____________

ठंडा ____________ दूर ____________

खुशबू ____________ स्वस्थ ____________




**2. विलोम शब्दों को आपस में मिलाइए-**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| खरा | बड़ा |
| ज्ञान | पराया |
| मौखिक | खोटा |
| छोटा | अज्ञान |
| अपना | लिखित |


## खंड-'ख' : रचना (Composition)



# 15 चित्रकथा
(Picture Story)

रोज  गरजते। रोज मोटी-मोटी  आसमान से नीचे धरती पर आतीं। माली काका ने बगीचे में जो     के बीज बोए थे, सब हँसते-गाते बाहर सिर निकालकर नन्हे-नन्हे  के रूप में निकल आए।  के  झूम-झूमकर गीत गा रहे थे।  बहुत प्रसन्न थे। अपने-अपने  में पानी भर जाने के कारण छोटे-छोटे  सब बाहर निकल आए थे। ठंडी-ठंडी हवा बह रही थी।

 टप-टप गिर रही थीं।  गरज कर रहे थे।  चमक रही थी।

ऐसा लग रहा था मानो सब कह रहे हों  दादा! अभी तुम्हारे निकलने का समय नहीं आया है।



# 16 निबंध-लेखन
(Essay–Writing)

## 1. दीपावली

दीपावली हिंदुओं का मुख्य त्योहार है। यह कार्तिक माह की अमावस्या को मनाया जाता है। लोग इसे 'रोशनी के त्योहार' के रूप में मनाते हैं। इस दिन भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे। श्रीराम के अयोध्या आगमन की खुशी में लोगों ने असंख्य दीप जलाकर उनका स्वागत किया था।

इस दिन लोग घरों और बाज़ारों को रोशनी से खूब सजाते हैं। लोग घरों की साफ़-सफ़ाई कर स्वच्छ एवं नए वस्त्र पहनकर लक्ष्मी-गणेश की पूजा करते हैं। बच्चे रात्रि में फुलझड़ियाँ व पटाखे आदि जलाते हैं।



इस दिन मित्र एवं परिचितों को खील-बताशे और मिठाइयाँ बाँटी जाती हैं। हमें यह पर्व बहुत ही प्यारा लगता है।

## 2. नेताजी सुभाषचंद्र बोस



पराधीन भारत को गांधी, नेहरू, पटेल और राजेंद्र बाबू को पैदा करने का गर्व है तो हमें यह भी मानना पड़ेगा कि ब्रिटिश शासकों के विरुद्ध आवाज उठाने में सुभाष बाबू का स्वर सबसे ऊँचा था। 'जय हिंद!' तथा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा।' ये शब्द हैं भारत के सपूत सुभाष बाबू के। उनका नाम भारत के इतिहास में सदा अमर रहेगा।

सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 ई॰ को उड़ीसा (ओडिशा) राज्य के कटक में हुआ था। उनकी प्रतिभा अद्‌वितीय थी। उन्होंने सभी परीक्षाएँ प्रथम श्रेणी

में उत्तीर्ण कीं। वे उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड गए। वहाँ से आई॰ सी॰ एस॰ परीक्षा उत्तीर्ण कर वे स्वदेश लौटे। वे सरकारी पद ठुकरा कर देशबंधु जी के साथ देश-सेवा करने लगे। सुभाष बाबू की सेवाओं के कारण समस्त भारत में उनका नाम फैल गया। सुभाष बाबू ने 'फॉरवर्ड ब्लॉक' नामक संस्था बनाई। उनके जोशीले विचारों से अंग्रेज सरकार घबरा गई और उन्हें नजरबंद कर दिया गया। एक दिन आधी रात को वह कलकत्ता (कोलकाता) से गायब हो गए। इसके बाद पेशावर, रोम और बर्लिन होते हुए वे जापान पहुँचे। उन्होंने 'आजाद हिंद फौज' का नेतृत्व किया। नेताजी ने अपना समस्त जीवन भारत को स्वतंत्र कराने में लगा दिया। 18 अगस्त, सन् 1945 ई॰ को एक वायुयान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। उनके त्याग और सेवाओं के लिए भारतवासी सदैव उनके आभारी रहेंगे।

## 3. भारतीय किसान

भारत एक कृषिप्रधान देश है। यहाँ की लगभग 70 प्रतिशत जनता गाँवों में रहती है। सचमुच गाँव और उसमें निवास करने वाले किसान ही वास्तविक भारतीय हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने रामराज्य की कल्पना ग्रामराज्य में की थी।

किसान ही राष्ट्र के स्तंभ हैं। देश की समूची अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर करती है। किसान संपूर्ण राष्ट्र को जीवन प्रदान करते हैं, फिर भी ये अहंकार रहित होते हैं।

इनके जीवन में दिखावट तथा आडंबर की झलक तक नहीं दिखाई पड़ती। 'सादा जीवन उच्च विचार' उनके जीवन का लक्ष्य है।

भारतीय कृषकों की वर्तमान दशा अत्यंत शोचनीय और दयनीय है। पसीने के रूप में ये अपना रक्त धरती माता को दान कर देते हैं, दिन-रात श्रम करते हैं; तथापि उनके पास शरीर ढकने के लिए वस्त्र नहीं हैं, रहने के लिए घर नहीं हैं। वे कर्ज में पैदा होते हैं, कर्ज में जीते और कर्ज में ही मर जाते हैं। उनमें शिक्षा की कमी है जिससे अधिक अन्न पैदा नहीं कर पाते।

भारतीय कृषकों की दयनीय दशा देखकर आँखों से आँसू निकल आते हैं। सरकार को उनके सुधार का समुचित उपाय करने चाहिए।

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**निबंध लिखिए–**

**हमारा घर**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **निम्नलिखित विषयों पर अपनी कक्षा में अपने विचारों को व्यक्त कीजिए–**

**(क)** नए विद्यालय में मेरा पहला दिन

**(ख)** जब मैं पहली बार कक्षा में रोया

**(ग)** जब पहली बार मैंने कक्षा में कविता सुनाई



# 17 कहानी-लेखन

(Story–Writing)

## 1. शरारती टोंबू

गोल-मटोल भूरे बालों वाला एक भालू टोंबू था। एक दिन वह अपने पिता के साथ दूर नदी में मछली खाने जा रहा था। वह अभी घर से निकला भी न था कि उसने देखा बहुत सरदी हो रही है।

इधर कूदता, उधर उछलता टोंबू शैतानी करता हुआ कलाबाज़ियाँ खाता कभी इधर मुड़ जाता, कभी उधर।

पिता ने कहा– "टोंबू, धीरे-धीरे सीधे चलो। इन झाड़ियों में बहुत काँटे हैं, फँस जाओगे।" पर टोंबू तो अपनी ही मस्ती में था। पिता ने सोच लिया था कि 'अब वे कभी भी टोंबू को मछलियाँ खिलाने नदी पर नहीं लेकर जाएँगे।

नदी को दूर से ही देखते टोंबू दौड़ पड़ा। मना करते-करते वह नदी में कूद गया।



नदी में घात लगाए हुए मगरमच्छ ने टोंबू की टाँग पकड़ ली। टोंबू चिल्लाया।

टोंबू के पिता ने बहुत मेहनत से टोंबू को बचाया।

इस हादसे के बाद टोंबू के पिता ने सोच लिया कि वे फिर कभी टोंबू को अपने साथ बाहर नहीं लेकर जाएँगे।

## 2. बुद्धिमान सियार

एक घने जंगल में एक शेर रहता था। वह बहुत भूखा था। उसे दो दिन से कोई शिकार नहीं मिला था। घूमते-घूमते उसे एक गुफा दिखाई दी। वह गुफा में घुसकर चुपचाप बैठ गया। उसने सोचा– जब इस गुफा में रहने वाला जानवर वापस आएगा तब मैं उसे मारकर खा लूँगा।

कुछ देर बाद सियार अपनी गुफा में लौटा। उसने गुफा के बाहर शेर के पंजों के निशान देखे। वह समझ गया कि शेर गुफा के अंदर बैठा है। उसने एक चाल चली। उसने बाहर से पुकारा– 'ऐ गुफा! मैं आ गया हूँ। आज तुमने 'आइए सियार जी' कहकर मेरा स्वागत नहीं किया?''

गुफा में बैठे शेर ने सोचा कि सचमुच यह गुफा रोज़ बोलती होगी। ऐसा न हो कि सियार वापस चला जाए।

वह गुफा के अंदर से बोला, ''आइए सियार जी! आपका स्वागत है।''

जैसे ही सियार ने शेर की आवाज़ सुनी। वह वहाँ से ज़ान बचाकर भाग गया। शेर गुफा में इंतज़ार ही करता रह गया।



# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

इन विषयों पर कोई छोटी-सी कहानी लिखिए-

**लालच का फल**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**दयालु परी**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

## क्रियात्मक कौशल

- कोई अच्छी-सी कहानी अपनी कक्षा में सबको सुनाइए।



# 18 पत्र-लेखन
(Letter–Writing)

मनुष्य अपने मन के भावों को मौखिक और लिखित दोनों प्रकारों से व्यक्त कर सकता है। लिखित रूप से भावों को प्रकट करने में पत्र एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। हम पत्रों द्वारा अपने संदेश दूर या पास के अपने मित्रों, प्रियजनों व अन्य व्यक्तियों तक पहुँचा सकते हैं।

पत्र दो प्रकार के होते हैं– 1. व्यक्तिगत पत्र, 2. प्रार्थना-पत्र।

## 1. व्यक्तिगत पत्र (Personal Letters)

### माता जी को पत्र

स्थान : 29, गगन लोक

भोपाल।

दिनांक : 12 मार्च, 20___

संबोधन : आदरणीय माताजी,

अभिवादन : सादर प्रणाम।

विषयवस्तु : कल ही आपकी कुशलता का समाचार प्राप्त हुआ।

माता जी, मैं यहाँ कुशलपूर्वक हूँ। मैं सभी विषयों का अध्ययन मन लगाकर कर रहा हूँ। आशा है कि मैं अगले माह आरंभ होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में उच्च स्थान प्राप्त करने में सफल रहूँगा।

शिष्टाचार : पूज्य पिता जी को मेरा प्रणाम। पल्लवी को प्यार।

आपका आज्ञाकारी पुत्र

हस्ताक्षर : प्रफुल्ल

## जन्मदिन पर सहेली को निमंत्रण-पत्र

10, मानसी गंज
जयपुर।
दिनांक : दिसंबर, 20___

प्रिय सहेली निशा,

सप्रेम नमस्ते।

तुम्हें यह जानकर प्रसन्नता होगी कि आगामी 15 दिसंबर को मेरा जन्मदिन है। इस अवसर पर तुम सपरिवार आमंत्रित हो। तुम्हारे आने से मुझे अत्यंत हर्ष होगा। चाची जी और चाचा जी को मेरा सादर प्रणाम व अनुज को प्यार।

तुम्हारी प्रिय सहेली
खुशी

## मित्र को निमंत्रण-पत्र

जिस प्रकार आपने जन्मदिन हेतु निमंत्रण-पत्र लिखा उसी प्रकार अपने चाचा की शादी में आमंत्रित करने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखो।

103/4, यश लोक
देहरादून।
दिनांक : 15 फरवरी, 20___

प्रिय मित्र,

सप्रेम नमस्कार।

तुम्हें यह जानकर अति प्रसन्नता होगी ____________________
____________________
____________________
____________________
____________________

तुम्हारा मित्र
रजनीश

## 2. प्रार्थना-पत्र (Application)

### बीमारी के कारण अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र

सेवा में,

आदरणीय प्रधानाचार्य,

नेहरू विद्या मंदिर,

नैनीताल।

महोदय,

सविनय निवेदन यह है मुझे कल शाम से ज्वर आ रहा है। डॉक्टर ने मुझे तीन दिन दवा लेने तथा आराम करने को कहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि मुझे तीन दिन (दिनांक 14 सितंबर से 16 सितंबर) का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

दिनांक : 14 सितंबर, 20___

कुमार मंगत

कक्षा 2 (स)

अनुक्रमांक– 18

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**निम्नलिखित विषयों पर पत्र/प्रार्थना-पत्र अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखिए–**

**(क)** अपनी बड़ी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए अपने मित्र को निमंत्रण-पत्र लिखिए।

**(ख)** आप छात्रावास में रहते हैं। अपने पिताजी को अपनी कुशलता का समाचार देते हुए पत्र लिखिए।

**(ग)** किसी आवश्यक कार्य हेतु बाहर जाने के कारण अपने प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**(घ)** अपने जन्मदिन पर अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

**(ङ)** अपनी माता जी को कहानियों की किताब भेजने के लिए एक धन्यवाद-पत्र लिखिए।



# 19 अपठित गद्यांश
(Unseen Passage)

**अपठित** शब्द दो शब्दों के मेल से बना है– अ + पठित। अ का अर्थ है 'नहीं'। पठित का अर्थ है 'पढ़ा हुआ'। अतः दोनों शब्दांशों को जोड़कर अपठित का अर्थ हुआ– जो पहले न पढ़ा गया हो।

इसके अभ्यास से भाषा विकसित होती है और समझे गए विचारों को व्यक्त करने की क्षमता का भी विकास होता है।

**अनुच्छेद को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर लिखिए–**

रितेश एक अच्छा बालक है। वह सुबह उठकर प्रार्थना करता है। बड़ों का आदर करता है व छोटों से प्यार करता है। किसी से लड़ाई नहीं करता। सदा दूसरों की मदद करने को तैयार रहता है। अपने सभी काम समय से पूरे करता है। पेड़-पौधे और पशु-पक्षियों से उसे बहुत प्यार है।

**1. रितेश सुबह उठकर सबसे पहले क्या करता है?**

_______________________________________________

**2. रितेश के कोई दो गुण लिखिए।**

_______________________________________________

_______________________________________________

**3. विपरीत शब्द लिखिए–**

अच्छा × __________     बड़ा × __________

सुबह × __________     लड़ाई × __________

**4. लिंग बदलिए–**

बालक × __________     लड़का × __________

**5. एक वस्तु का तथा एक व्यक्ति का नाम अनुच्छेद में से छाँटकर लिखिए–**

वस्तु का नाम __________     व्यक्ति का नाम __________



# 20

# वार्तालाप
(Conversation)

वार्तालाप का अर्थ है– दो या दो से अधिक लोगों के बीच बातचीत। परिस्थिति या विषय देखकर वार्तालाप लिखे जाते हैं। नीचे दिए गए वार्तालाप को ध्यान से पढ़िए जो कि दो सहेलियों के बीच हो रहा है।



**1. आओ सुनें, मीना और मनि क्या बातचीत कर रही हैं–**

मीना – चलो मनि, खाना खाते हैं।
मनि – नहीं, मुझे नहीं खाना।
मीना – क्यों? क्या हुआ?
मनि – आज माँ ने खाने में मैगी नहीं दी।
मीना – मैं पूड़ी-आलू लायी हूँ। आओ, मिलकर खाएँ।
मनि – हाँ, हाँ। मुझे पूड़ी-आलू बहुत अच्छे लगते हैं।
मीना – लो खाओ।
मनि – धन्यवाद।

**2. खिलौने वाले और विपुल के बीच क्या बातचीत हो रही है, लिखिए–**

खिलौने वाला – खिलौने ले लो, खिलौने। सीटी, बाजा, हाथी, घोड़ा, गुड़िया ले लो।
विपुल – ______________________
खिलौने वाला – ______________________
विपुल – ______________________
खिलौने वाला – ______________________
विपुल – ______________________
खिलौने वाला – ______________________

